


मनुष्य तब तक शक्तिशाली है जब तक वह किसी सशक्त योजना का प्रतिनिधित्व करता है , और जब वह इसका विरोध करता है तो निर्बल हो जाता है।
-सिगमंड फ्रायड


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , मंगलवार,28 अप्रैल 2026


**बरेली के प्रमुख समाचार**


- प्रेमनगर के कम्पीटेंट प्राइड अपार्टमेंट में भीषण अग्निकांड-II
- ई-संजीवनी में उड़ान को सराहा, अव्यवस्थाओं को लेकर कसा- III
- मेला स्पेशल ट्रेनें अब जंक्शन तक चलेंगी- IV


## सिटी ब्रीफ

### छात्राओं को बताए कानूनी अधिकार

बरेली, अमृत विचार : वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को विधिक सप्ताह में छात्राओं को कानूनी अधिकार बताए गए। पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रभा सिंह और पूजा सिंह ने बताया कि लोक अदालत हर तीसरे महीने लगती है। 15100 पर कॉल करके समस्या बताई जा सकती है। अध्यक्षता मनीषा राव ने की। डॉ. हिमशिखा यादव, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने संचालन किया। प्राचार्या प्रो. दीपा अग्रवाल, डॉ. रंजू राठौर, डॉ. एकता सिंह आदि उपस्थित रहे।

### श्रमिकों के लिए पांच दिन विशेष अभियान

बरेली,अमृत विचार : डीएम ने श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में 2 मई तक श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाने को कहा है। बैठक में डीएम ने कहा : पांच दिवसीय अभियान में स्वास्थ्य और श्रम विभाग की टीमें कार्यस्थलों और आवासों पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाएंगी।

### शहर में आज

- श्री श्याम श्याम रसिक परिवार द्वारा कलश यात्रा श्री रामायण मंदिर से हरि मंदिर तक सुबह 9 बजे
- पंजाबी महासभा द्वारा आयोजित 92वीं सेवा कार्यक्रम श्री बांके बिहारी मंदिर में सुबह 11 बजे
- इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में उत्तर प्रदेश के पहले लिंक्डइन एक्सपीरियंस ज़ोन का शुभारंभ सुबह 10 बजे
- आनंद आश्रम के सत्संग भवन श्री गौरदास महाराज श्री भक्तमाल कथा शाम 3 .30 बजे से 6 .30 बजे
- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे

# मरीज-एंबुलेंस सड़कों पर विवश, आधे शहर में जाम दिवस

## हरदोई कार्यक्रम के लिए मंगाई तमाम खाली बसें शहर के बीच खड़ी करा दिए जाने से ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी, रात तक रेंगते रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भीषण गर्मी में शहर बरेली को आज 'जाम दिवस' झेलना पड़ा। गंगा एक्सप्रेस वे के जलसे में बरेली रीजन की भरपूर भागीदारी दिखाने के लिए परिवहन निगम वालों ने बसों के बेड़े सुबह से ही सैकड़ों खाली बसों के बेड़े सैटेलाइट से ईसाई-मालियों की पुलिया तक खड़े करा दिए थे, जिसकी वजह से पूरा ट्रैफिक सिस्टम पटरी से उतर गया। होमगार्ड भर्ती परीक्षा होने से महानगर में पहले से ही हजारों हजार अभ्यर्थियों रैला उमड़ा था। उस पर, रही सही कसर बेवजह खड़ी बसों ने पूरी कर दी। जाम में फंसकर वाहन रेंगते रहे। मरीज-एंबुलेंस, महिलाएं, बच्चे तड़पते रहे। एसपी ट्रैफिक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने निकले तो वे अटके दिखे।

अभी दो दिन पहले उर्स और होमगार्ड भर्ती परीक्षा में भारी भीड़ का आंकलन कर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया था। उर्स का आयोजन सही से निपट गया और आज होमगार्ड भर्ती परीक्षा भी अंतिम दिन था। दावे थे कि ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य तरीके से चलती रहेगी मगर सुबह से ही सैटेलाइट बस अड्डे से लेकर मालियों की पुलिया तक खड़ी कराईं गई रोडवेज की खाली बसों की वजह से सब गड़बड़ हो गया। पूरे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कार, बाइक, ऑटो सवार लोग बहुत परेशान हुए। एक ही स्थान पर देर तक गर्मी में फंसे रहे। शाम होते-होते हालात और बिगड़ गए। सड़कों के किनारे खाली खड़ीं बसों की वजह से यातायात दबाव बहुत बढ़ गया था। जिसकी वजह से रात तक जाम का पेंच फंसा रहा। लोग ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल उठाते रहे। रात में तो सेटेलाइट से शुरू हुआ जाम बियावानी कोठी तक जा पहुंचा।



सैटेलाइट से मालियों की पुलिया तक सुबह से सड़कों पर खाली खड़ी बसों का कब्जा रहा। ● अमृत विचार



सड़कों पर बसों का बेड़ा जमा होने से ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। ● अमृत विचार

### बरेली कॉलेज पर भी देर तक फंसा रहा जाम का पेंच

बरेली। होमगार्ड भर्ती परीक्षा छूटने के समय शाम को बरेली कालेज गेट पर भीषण जाम लग गया। दोपहिया और चारपहिया वाहन जहां के तहां थम गए। अभ्यर्थियों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई वाहन चालक जाम खुलने का इंतजार करते नजर आए। पुलिसकर्मी भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे रहे मगर जाम का झाम बहुत देर तक कम नहीं हुआ।

### हरदोई कार्यक्रम में भेजी गईं सैकड़ों बसें, बरेली में अटके यात्री

बरेली, अमृत विचार : गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कार्यक्रम में बरेली रीजन की 400 बसे भेज गई हैं। इतनी बड़ी संख्या में बसें सड़कों पर कम कम होने से यात्री परेशान नजर आए। बरेली के सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर यात्री बसों की कमी देखी गई। दिल्ली, पीलीभीत, लखीमपुर के साथ कई रुटों की बसे नहीं होने से यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। बरेली रीजन के चार परिवहन डिपो में निगम और अनुबंध वाली बसों की तादाद 737 है। इसमें बरेली डिपो में 219, रोहिलखंड डिपो में 229, बदायूं डिपो में 176 और पीलीभीत डिपो में 111 बसें शामिल हैं। 29 अप्रैल को हरदोई में होने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कार्यक्रम में 400 बसों को भेजा गया है। बरेली रीजन से कुल 400 बसें वहां के लिए बुक थीं। इसमें 125 बरेली, 125 रोहिलखंड, बदायूं 75 और पीलीभीत में 75 बसें भेजी गई हैं। इसकी वजह से कई रुटों पर बसें बसों कम हो गईं और यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। रात में सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर यात्री बसों का घंटों-घंटों इंतजार करते दिखे।



एसपी ट्रैफिक की विभागीय कार भी जाम में फंसी नजर आई। ● अमृत विचार



पुरनपुर जाने के लिए दो घंटे से बस का इंतजार कर रहे है। लेकिन बस अड्डे पर पीलीभीत या पुरनपुर रुट की कोई बस नहीं होने से दिक्कत हो रही है। डग्गामार वाहन चालक भी दोगुना किराया मांग रहे है। गर्मी में बस का इंतजार करना मुश्किल हो रहा है। **-इरफान खान**, यात्री



दिल्ली जाने के लिए चार घंटे से बस का इंतजार कर रहा हूं। पुराने बस अड्डे से लेकर सेटेलाइट बस अड्डे तक पर चक्कर लगाने के बाद भी बस नहीं मिली। पूछताछ केंद्र पर भी बस कब आएगी कोई बताने वाला नहीं है। **-पुनीत**, यात्री



गोरखपुर के रहने वाले गोपाल ने बताया कि वह नवाबगंज में काम करते है। सोमवार को उन्हे गोरखपुर जाना था। परिवार के साथ तीन घंटे से सेटेलाइट बस अड्डे पर बस का इंतजार करने के बाद भी बस नहीं मिली। पत्नी और बच्चों के साथ बस का इंतजार कर रहे है। **-गोपाल**, यात्री



निगोही के रहने वाले रिकूं भारती ने बताया कि वह होमगार्ड की परीक्षा देने के लिए आए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद घर जाने के लिए वह सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचे। लेकिन निगोही की बस के लिए अब कई घंटे से इंतजार कर रहे है। बस के बारे में कोई अधिकारी और कर्मचारी भी जानकारी नहीं दे रहा है। **-रिंकू भारती**, यात्री

कार्यक्रम में बसें भेजने के लिए बरेली और रोहिलखंड डिपो के एआरएम को तैनात किया गया है। वह देर रात तक बसों को हरदोई रवाना करवाते रहे। बसें वहां जाने से थोड़ी दिक्कत हुई है। जो बसें बाकी रह गई हैं, उनके फेरे बढ़वाए जा रहे हैं। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लेकर चालक परिचालकों को विशेष निर्देश जारी किए गए है।
**-अरुण वाजपेई**, एआरएम, रोडवेज

## समय कभी रुके नहीं...



### फिर टिक-टिक करने लगी घंटाघर की घड़ी

बरेली, अमृत विचार : घंटाघर चौराहे पर लगी घड़ी बंद होने के बाद नगर निगम प्रशासन ने तत्परता दिखाई। 'अमृत विचार' की खबर पर अमला जाग गया और दूसरे ही दिन घड़ी सही करा दी। दरअसल, चेन्नई की कंपनी की ओर से लगाई गई यह घड़ी पिछले कई दिनों से खराब पड़ी थी। सोमवार को 'अमृत विचार' ने बंद घड़ी की ओर सबका ध्यान खींचा। फोटो प्रकाशित होते ही नगर निगम के अफसर हरकत में आ गए। टीम भेजकर घड़ी सही करवा दी। इसके लिए शहर के लोग 'अमृत विचार' की सराहना कर कर रहा है।

# जान ले लेंगे ये गड्ढे, शहर में निकलें संभलकर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीडीपुरम, संजय नगर और एकता नगर मोड़ में निर्माण एजेंसी ने खोदकर छोड़ दिए गड्ढे

अमृत विचार : सीएम ग्रिड योजना से शहर की सूरत बदलने की बात कही जा रही है लेकिन निर्माण एजेंसी खतरनाक लापरवाही भी करती नजर आ रही हैं। कार्यदायी संस्थाओं की घोर लापरवाही और निगम अफसरों की अनदेखी के चलते जगह-जगह खोदे गए गहरे गड्ढे मौत को दावत दे रहे हैं। तीन दिन पहले अलीगढ़ में हुई मजदूर की मौत की घटना से भी सबक नहीं लिया जा रहा। जैसे, सैटेलाइट हादसे की तरह शहर में फिर किसी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है।

स्टेडियम रोड पर डीडीपुरम मोड़ के पास का नजारा सिस्टम की खतरनाक लापरवाही बयां करने के लिए काफी है। यहां सड़क के बीचों-बीच एक विशालकाय गहरा गड्ढा खोदकर उसे महीनों से खुला छोड़ दिया गया है। रात के अंधेरे में यह गड्ढा दोपहिया वाहन चालकों के लिए सीधा काल बन सकता है, मगर किसी को फिक्र नहीं। एकता नगर मोड़ और संजय नगर मोड़ की स्थिति भी इससे जुदा नहीं है। यहां भी सड़क के किनारे और चौराहों पर खुले गड्ढे हादसों का सबब बने हुए हैं। सीवर और नाली निर्माण के नाम पर खोदी गई गड्ढों को महीनों तक सही नहीं किया जाता। दावे बड़े हैं मगर सच कड़वा है।






# होमगार्ड परीक्षा में दरोगा-सिपाही भर्ती जैसे जटिल सवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभ्यर्थियों को रीजनिंग के सवालों ने घुमाया, करंट अफेयर के प्रश्न भी बताए कठिन

अमृत विचार : होमगार्ड भर्ती परीक्षा का अंतिम पेपर अभ्यर्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। तताम उम्मीदवारों के चेहरों पर निराशा दियी। अभ्यर्थियों ने कहा कि होमगार्ड परीक्षा में दरोगा-सिपाही भर्ती जैसे कठिन सवाल देखने को मिले। रीजनिंग और करंट अफेयर्स के सवालों ने उलझा दिया।

तीसरे दिन भी परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थी अनुभव साझा करते नजर आए। कितने ही अभ्यर्थियों का कहना था कि पहले दो दिनों के पेपर अपेक्षाकृत सामान्य बताए गए थे, लेकिन आज का पेपर कठिन था।

लखीमपुर के रितिक ने कहा कि रीजनिंग में पूछे गए सवालों ने काफी उलझाया। करंट अफेयर्स के सवालों ने भी टेंशन बढ़ाई। समय प्रबंधन चुनौती बन गया। हरदोई के विकास तिवारी ने बताया कि पूर्व में वह दरोगा भर्ती परीक्षा दे चुके थे। होमगार्ड परीक्षा का यह पेपर उसी टक्कर का था। पीलीभीत के बीसलपुर इलाके से पहुंची दिपाली ने बताया कि उन्होंने भी पुलिस परीक्षा दी थी। यह पेपर पुलिस परीक्षा से भी अधिक कठिन लगा। परीक्षा ड्यूटी कर रह कई दरोगा और सिपाहियों ने भी स्वीकार किया कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा का पेपर पहले के मुकाबले कठिन माना गया है।



तीसरे दिन होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# रबड़ फैक्ट्री केस में श्रमिकों की एंट्री पर सरकार को ऐतराज

विधि संवाददाता, बरेली

- अब 7 मई को होगी सुनवाई, पक्षकार बनने की होड़ में उलझा मामला

अमृत विचार : दशकों से विवादों में फंसी सिंथेटिक्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (रबड़ फैक्ट्री) की जमीन का मामला फिर चर्चा में है।

फैक्ट्री की 1382.23 एकड़ बेशकीमती जमीन को वापस पाने की कानूनी लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पक्षकार बनने के लिए पूर्व श्रमिकों की ओर दी गई अर्जियों पर राज्य सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है, जिसके निस्तारण के लिए सिविल कोर्ट ने अब 7 मई की तारीख नियत की है। डीजीसी सिविल पुरुषोत्तम पटेल ने बताया कि अदालत में स्पष्ट किया कि श्रमिक अपनी देनदारियों के लिए अलग से केस दायर करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन भूमि के मालिकाना हक से जुड़े इस प्रकरण में उन्हें पक्षकार बनाने का कोई कानूनी आधार नहीं है। अब निगाहें 7 मई को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां कोर्ट यह तय करेगा कि क्या श्रमिकों की दलीलों को इस मुकदमे का हिस्सा बनाया जाएगा या नहीं। कानूनी दांव-पेंच और दिलचस्प हो गए हैं। पक्षकार बनाने के लिए मीरगंज के वल्देव प्रसाद, फतेहगंज पश्चिमी के ओमवीर सिंह और एक अन्य व्यक्ति ने स्वयं को श्रमिक बताते हुए अर्जी दी थी।

# धांधली की शिकायतों की जांच करेगी तकनीकी टीम

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम में 15वें वित्त आयोग के बजट से हो रहे विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए सभी संबंधित इंजीनियरों से कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि विकास योजनाओं की फाइलें अब केवल दफ्तरों में बंद नहीं रहेंगी। निगरानी में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर अब केवल ठेकेदार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

बतादें, विगत दिनों 29 वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी और भारी अनियमितताएं सामने आई थीं। नगर निगम ने एक ठेकेदार फर्म पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता से लेकर जूनियर इंजीनियर तक की संयुक्त टीमें गठित कर दी हैं। यह टीमें प्रत्येक निर्माण स्थल पर जाकर तकनीकी स्तर पर गुणवत्ता की जांच करेंगी। खासकर उन फर्मों के कार्यों की विशेष रूप से स्क्रूटनी की जा रही है, जिनका रिकॉर्ड पहले से खराब रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि सार्वजनिक धन की बर्बादी और घटिया निर्माण किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। सख्त निर्देश दिए हैं यदि जांच में सामग्री की गुणवत्ता मानकों से कम मिली या किसी तकनीकी स्तर पर हेरफेर पाया गया, तो दोषियों के खिलाफ निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# रिंग रोड पर रार-तकरार, किसानों ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम से लगाई न्याय की गुहार बोले- जमीन ले ली, अब पैसा देने में क्यों किया जा रहा खेल

अमृत विचार : रिंग रोड निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजे की विसंगतियों को लेकर किसानों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को सीबीगंज क्षेत्र के पस्तौर, सरनिया और आसपास के गांवों के दर्जनों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

किसानों का आरोप है कि प्रशासन ने रिंग रोड के लिए उनकी उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण तो कर लिया है, लेकिन मुआवजे के वितरण में भारी भेदभाव और हीलाहवाली बरती जा रही है। किसान जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मिलने पहुंचे थे, जहां से उन्हें समस्या के समाधान के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलओ) के पास भेज दिया गया। किसान नत्थूलाल, देवीदास, झम्मनलाल, गंगाराम आदि ने कहा कि मुआवजे के वितरण में अनियमितताएं और पक्षपात बरता जा रहा है। सरनिया के कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि लेन-देन होने के बावजूद उन्हें हक का पैसा नहीं दिया जा रहा है। वे महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर टरका दिया जाता है।

किसानों का आक्रोश इस बात पर भी है कि उनकी जमीनें छिन जाने से उनकी आजीविका का साधन खत्म हो गया है, लेकिन प्रशासन उनकी आर्थिक सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है यदि जल्द मुआवजा राशि नहीं पहुंची, तो वे रिंग रोड का निर्माण कार्य पूरी तरह ठप कर देंगे और कलेक्ट्रेट परिसर में ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। उधर, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फाइलों की जांच की जा रही है। तकनीकी बाधाओं के कारण कुछ गांवों के भुगतान में देरी हुई है।



कलेक्ट्रेट में डीएम से मिलने पहुंचे सीबीगंज के किसान। ● अमृत विचार

90 प्रतिशत किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है। जिन किसानों के दस्तावेजों में कुछ खामियां रह गई हैं, केवल उनके सामने ही दिक्कत आ रही है। कर्मचारियों के स्तर से इसमें देरी का कोई सवाल ही नहीं उठता है। फिर भी किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जाएगी।
**- देश दीपक**, भूमि अध्याप्ति अधिकारी।

# संपत्ति कर पर छूट मिलेगी मगर कई बंदिशों के साथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम ने जारी किए संपत्ति कर के नए बिल, 1.75 लाख करदाताओं को मिलेगा फायदा

अमृत विचार: नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्ति कर बिल जारी कर दिए हैं, जिससे करीब 1.75 लाख करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। करदाताओं को छूट भी दी गई है। भवन स्वामी 30 जून तक कर का भुगतान करेंगे तो 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यदि करदाता ऑनलाइन भुगतान करेंगे तो 11 प्रतिशत की छूट मिलेगील है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि 30 जून के बाद भी राहत बरकरार रखी गई है। 1 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक भुगतान करने पर 7.5 प्रतिशत और 1 सितंबर से 31 अक्टूबर 2026 तक भुगतान करने पर पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यही नहीं, संपत्ति कर के बिलों को मोहल्ला और वार्डवार वितरित करने के लिए राजस्व निरीक्षकों और कर समाहर्ताओं को निर्देशित कर दिया गया है। नागरिक घर बैठे बिना किसी परेशानी के अपना कर जमा कर सकते हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि समय पर टैक्स जमा होने से निगम को शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# सिंधु नगर में 11 घंटे बिजली कटौती से बेहाल हुए उपभोक्ता

- रात तीन बजे से दोपहर दो बजे तक इलाके्र फीडर रहा ठप
- ओवरलोडिंग, बंच केबल जलने के चलते गुल हुई बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अप्रैल माह के आखिरी में पड़ रही भीषण गर्मी में ही बिजली निगम की गर्मियों को लेकर हुई तैयारी की पोल खोल दी है। शहर में 10 से लेकर 18 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। अधिकारी इसके बावजूद बेहतर आपूर्ति का दावा कर रहे हैं। सोमवार भोर में तीन बजे सिंधु नगर फीडर में फॉल्ट के कारण बिजली गुल हो गई। फॉल्ट तलाश कर सुधारने में निगम की टीम को 11 घंटे लग गए। दोपहर दो बजे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। 11 घंटे बिजली कटौती से लोगों के जहां इंवर्टर जवाब दे गए, वहीं लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई।

सोमवार को सिंधु नगर फीडर में फॉल्ट के कारण लोगों को 11 घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ा। एसडीओ का फोन न उठने की भी लोगों ने शिकायत की। जेई



मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

ने बताया कि ट्रांसफार्मर से फॉल्ट के साथ जंफर व इंसुलेटर में खराबी आने के कारण उसे चेक करने व आपूर्ति बहाल करने में समय लगा। राजीव इंक्लेव अशरफी बैंक्वेट हाल के पास फेस उड़ने के कारण पांच घंटे बिजली कटौती हुई। बन्नूवाल नगर निवासी घनश्याम दास ने बताया कि फेस न आने के कारण चार घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ा। शहर के पॉश एरिया रामपुर गार्डन में सोमवार को भी बिजली कटौती हुई। यहां के रहने वाले नितिन अग्रवाल ने बताया कि जेई, एसडीओ का फोन नहीं उठता है, हेल्पडेस्क, 1912 पर शिकायत के बावजूद कई घंटे सुनवाई नहीं होती। सोमवार सुबह सात बजे से 10 बजे तक बिजली कटौती हुई। इसी तरह वीर सावरकर नगर के गायत्री नगर क्षेत्र में बंच केबल में आग लगने के कारण पांच घंटे बिजली कटौती हुई। बंच केबल सही होने के बाद ट्रांसफार्मर का डीओ खराब होने का कारण एक घंटे और लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा।



अधीक्षण अभियंता नगर धर्मेंद्र सिंह को ज्ञापन देते सपाई। ● अमृत विचार

## सपा नेताओं कटौती पर एसई को दिया ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** सपा नेताओं ने अधीक्षण अभियंता नगर धर्मेंद्र सिंह को बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की। कहा कि फाइक इंक्लेव, किंग्स एवेन्यू, जेएचएम कॉलोनी आदि इलाकों में व्यवस्था पूरी तरह चरमराई है। चार घंटे बिजली मिल रही है। पेयजल समस्या भी गंभीर है। सुधार न हुआ तो आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में संजीव सक्सेना, प्रमोद बिष्ट, हैदर अली आदि प्रमुख रहे।

## समाजवादी टीम ने प्रीपेड मीटर का किया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर गार्डन स्थित बिजली निगम के कार्यालय में एक्सईएन कॉमर्शियल द्वितीय का सपा नेता मयंक शुक्ला मोंटी के नेतृत्व में महिलाओं ने घेराव किया। सभी ने स्मार्ट मीटर की खराबी, बिजली कटौती व मनमाना बिल दिए जाने की शिकायत की। शिकायती पत्र देकर एक्सईएन अंकित गंगवार से निस्तारण की मांग की गई। हाईडिल परिसर में मौजूद लोगों ने बिजली निगम के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। सभी ने पुराने मीटर की तुलना में अधिक बिल आना, बिजली आपूर्ति बेहतर न होने की शिकायत करते हुए पुराने मीटर वापस लगाने की मांग करते हुए नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर को आम जनता की जेब पर डाका बताया। सपा नेता ने कहा कि प्रीपेड मीटर के माध्यम से जनता की जेब काटने की कोशिश की जा रही है। प्रीपेड मीटर व्यवस्था नहीं बल्कि यह जनता के साथ जैसे लूट है।

## बिजली के बिना कैसे चलें इंडक्शन

सिंधु नगर के रहने वाले लोगों ने बताया कि एलपीजी संकट को देखते हुए इंडक्शन का इस्तेमाल शुरू किया है। सोमवार भोर से गायब बिजली दोपहर दो बजे के बाद आयी। सिलेंडर समाप्त होने पर 25 दिन बाद बुकिंग करने के एक सप्ताह बाद डिलीवरी हो रही है। सोमवार को बिजली जाने के कारण कई लोगों को बाहर से खाना मंगवाना पड़ा। बताया कि बिजली न आने के कारण इंडक्शन पर खाना नहीं बन सका। सिलेंडर पहले ही खाली हो गया था। कई बार फोन करने पर भी बिजली आने का सही समय व जानकारी नहीं दी गई।

## मंगलवार को कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बरेली,अमृत विचार :** विद्युत विभाग की तरफ से रखरखाव और विकास कार्यों के चलते मंगलवार को शहर के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति आंशिक और पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। जानकारी के अनुसार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सिविल लाइंस-द्वितीय से जुड़े क्षेत्रों सिटी स्टेशन, कमल टॉकीज आदि में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यहां लिंक लाइन को लोड पर लेने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र डीडीपुरम से संबंधित संजय नगर, मॉडल टाउन, ब्रह्मपुरा, कृतिनगर, कंपनी गार्डन क्षेत्र, कैलाश टावर, पुराना आरटीओ ऑफिस, काशीनाथ कोठी तथा पुराने बिजली घर के आसपास की गलियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यहां 33 केवी लाइन पर रिकंडक्टरिंग कार्य किया जाएगा।

## शिकायतों के बीच अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार हटाए गए



**बरेली,अमृत विचार :** बिजली बिलों में गड़बड़ी और बढ़ती शिकायतों के बीच बिजली निगम में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। प्रथम कॉमर्शियल के अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार को पद से हटाकर लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उनकी जगह ओम प्रकाश गुप्ता को बरेली भेजा गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने रविवार को यह कार्रवाई की। सूर्य कुमार को चार माह पहले सत्येंद्र चौहान के तबादले के बाद बरेली में तैनात किया गया था। उनकी तैनाती के बाद से ही उनके कामकाज को लेकर सवाल उठ रहे थे। उपभोक्ताओं को बिल संबंधी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने गलत बिल आने और अधिक वसूली की शिकायतें कीं। कई मामलों में बिलों में भारी अंतर पाया गया। गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। नए अधिशासी अभियंता ओम प्रकाश गुप्ता के सामने बिजली आपूर्ति सुचारु करने, बिल संबंधी शिकायतों को दूर करने की चुनौती होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शराबी भाई ने बहन को थपनी से पीटकर किया लहूलुहान

**बरेली,अमृत विचार :** शराब के लिए रुपये न देने पर भाई ने बहन की कपड़े कूटने वाली थपनी से पिटाई लगाकर लहूलुहान कर दिया। प्रेमनगर के भूड़ मढिया की रहने वाली शारदा यादव ने बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है। वह मां के साथ रहती है। उसका भाई जितेंद्र यादव उर्फ जीतू शराब पीने का आदी है। वह घर में सबसे के मारपीट करता है, शराब के लिए घर का सामान बेच देता है। 26 अप्रैल की दोपहर में वह घर में बैठी थी। इसी बीच जीतू आया और थपनी से उसे पीट कर लहूलुहान कर दिया। परिवार के लोगों ने उन्हें बचाया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### दबंगों ने युवक को पीटा परिवार को दी धमकी

**बरेली,अमृत विचार :** रात में घर आ रहे युवक को लड़कों ने घेर लिया और फिर उसे जमकर पीटा।परिवार के लोग उसे बचाने पहुंचे तो दबंगों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। सुभाषनगर के गली नंबर दो के रहने वाले अक्षय मिश्रा ने बताया कि वह 25 अप्रैल की रात 10 बजे के लगभग रात में अपने घर आ रहे थे। उनके घर के पास रहने वाले विक्की यादव समेत तीन अन्य लोगों ने घेर लिया। गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उनके परिजन उन्हें बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस मुठभेड़ के आरोपी आसिफ को मिली जमानत

**बरेली,विधि संवाददाता :** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के आरोपी आसिफ को जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। थाना बारादरी के एजाज नगर गौटिया निवासी आसिफ 16 फरवरी से जेल में बंद था। बचाव पक्ष की अधिवक्ता शशि बाला और नूरी खान ने अदालत में तर्क दिया कि पुलिस ने आरोपी को झूठा फंसाया है। अभियोजन के अनुसार, 15 फरवरी को धौराटांडा में लूट की सूचना पर पुलिस मसीत की पुलिया पर चेकिंग कर रही थी, तभी एक पिकअप में सवार आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने मौके से आसिफ, अकरम अली, साहिल और शाहिद को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से तमंचे, कारतूस और नकदी बरामद होने का दावा किया गया था। अब कोर्ट ने तथ्यों पर विचार करते हुए आसिफ की जमानत मंजूर कर ली है।

# प्रेमनगर के कम्पीटेंट प्राइड अपार्टमेंट में भीषण अग्निकांड, घंटों जूझीं दमकलें

## ग्राउंड फ्लोर के पार्किंग एरिया में आग से कई वाहन जले, शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में मैकेनियर रेड स्थित कम्पीटेन्ट प्राइड अपार्टमेंट में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के बिल्कुल पास स्थित अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग एरिया में लपटें उठीं और वहां खड़ी गई गाड़ियां आग की भेंट चढ़ गईं।

फायर बिग्रेड की कई गाड़ियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेस्क्यू टीमों ने मौके से कई कार व बाइक हटाकर आग से बचा भी लिया। अग्निकांड से आसपास की इमारतों में रह रहे परिवार दहशत में नजर आए। हादसे की वजह शार्ट सर्किट बताया गया है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, तड़के 5 बजे के करीब अपार्टमेंट के नीचे के हिस्से से आग और धुआं उठता देखा। मार्निंग वाक पर जा रहे लोगों ने लपटें देखकर पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। कुछ ही दूर पर प्रेमनगर





अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में जलती आग और चपेट में आई कार व बाइक। ● अमृत विचार

- लोगों ने कई गाड़ियां मौके से हटाकर बड़ा नुकसान बचाया
- अपार्टमेंट में आग से आसपास रह रहे परिवारों में मची रही अफरा-तफरी

थाना है। आग की सूचना पर तुरंत ही पुलिस मौके पर आ गई। कुछ ही देर में फायर बिग्रेड की टीम भी कई गाड़ियों से पहुंचकर रेस्क्यू में जुट गई। हादसे के समय पार्किंग एरिया में कई वाहन खड़े थे। कुछ कार और बाइक आग की चपेट में भी आ गए। बाकी गाड़ियों को तुरंत ही मौके से हटाकर आग को फैलने से रोका गया। हालांकि, तब तक दो लग्जरी कार, बाइक और स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थीं। निशांत गुप्ता की कार बुरी तरह से जल गई। सौरभ अग्रवाल की क्रेटा कार को भी नुकसान हुआ। दमकलों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अफसरों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद हादसे का कारण इलेक्ट्रिक पैनल में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

**धुएं के गुबार से घुटने लगा लोगों का दम :** अपार्टमेंट के पार्किंग एरिया में खड़ी गाड़ियां आग की चपेट में आने से दमघोंटू धुएं का ऐसा गुबार उठा कि आसपास की इमारतें उससे घिर गईं। सुबह मैकेनियर रोड पर बड़ी संख्या में लोग टहलते नजर आते हैं। धुआं उठता देख लोगों में अफरातफरी मच गई। तुरंत ही पुलिस व फायर बिग्रेड को सूचना देकर मदद नहीं मांगी गई होती तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। आग में एक कार और एक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि एक अन्य कार और बाइक को भी नुकसान पहुंचा।

> आग की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। कुछ गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। रेस्क्यू टीम तुरंत ही मौके पर पहुंच गई थी और आग पर काबू पा लिया गया। - **मनु शर्मा**, सीएफओ

## रास्ता मांगने को हॉर्न बजाने पर चालक का सिर फोड़ा

**बरेली, अमृत विचार:** रास्ता मांगने के लिए हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद में चालक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पीड़ित अरमान।

बारादरी के हजियापुर निवासी मोहम्मद अरमान ने बताया कि वह सोमवार सुबह ई-रिक्शा से झुमका चौराहे से दूध लेकर कुतुब शाह की मजार की ओर जा रहा था। शाहदाना चौराहे के पास स्थित लेबर चौराहे पर रास्ते में खड़े दो युवकों को हटने के लिए उसने हॉर्न बजाया। युवक रास्ते से नहीं हटे, जिस पर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवकों ने अरमान के सिर पर लोहे की रॉड मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। बारादरी थाना पुलिस ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## लाखों की ठगी में पकड़ी गई फर्जी एसडीएम डॉ. विप्रा शर्मा-शिखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हनक में गाड़ी पर एडीएम एफआर लिखकर चलती थीं दोनों बहनें
- नौकरी के नाम पर कई से ठगी का आरोप
- केस दर्ज होने के बाद आरोपियों पर कसा कानूनी शिकंजा
- थाना बारादरी पुलिस तीन लोगों से कर रही पूछताछ

**अमृत विचार:** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों की ठगी और फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में थाना बारादरी पुलिस ने फर्जी एडीएम डॉ. विप्रा शर्मा को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ एक दिन पहले पीड़ितों की ओर से गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। हनक दिखाने को वे कार पर एडीएम एफआर लिखाकर चलती थीं। कई लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र देने का भी आरोप है। पूछताछ में और राज खुलने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार, बारादरी क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित प्रीति लायल ने नौकरी के नाम पर ठगी के मामले में शिकायत की थी। प्रीती ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर में कहा था कि करीब तीन साल पहले उनकी मुलाकात ग्रीन पार्क निवासी शिखा पाठक से हुई थी। शिखा ने तब कहा था उनकी बहन डॉ. विप्रा शर्मा गजरौला में एसडीएम पद पर तैनात हैं। उसने कहा ये भी कहा था कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्तियां निकली हैं और वह पैसे लेकर नियुक्ति सुनिश्चित करवा सकती है। उसकी बातों में आकर प्रीति लॉयल ने अपने मिलने वाले चार लोगों के साथ आरोपी युवती को नौकरी के लिए 5.21 लाख रुपये दिए थे। इसके कुछ समय बाद आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर डाक, व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए भेज दिए। दस्तावेजों पर उच्च अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर भी किए गए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रविवार की देर रात आरोपी डॉ. विप्रा शर्मा और शिखा शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार शाम आरोपी डॉ. विप्रा शर्मा और शिखा शर्मा सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर बारादरी ब्रिजेंद्र सिंह ने आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जांच में कई राज सामने आ सकते हैं।

## दंगों में हथियार सप्लाई करने के आरोपी का रिमांड मंजूर

**बरेली।** सितंबर में शहर में दंगों में हथियार सप्लाई करने के अपरोपियों की रिमांड मंजूर हो गई है। पुलिस के अनुसार, सोमू खान उर्फ औशाफ अहमद निवासी बरीपुरा थाना शेरगढ़, इशरत अली उर्फ इशरत पहलवान निवासी मंडनपुर जनूबी थाना बहेड़ी और तस्लीम निवासी जोखनपुर थाना बहेड़ी पहले से ही उपद्रवियों को हथियार सप्लाई करने के मामले में जेल में बंद है। पुलिस को हथियार सप्लायर्स के तौकीर कनेक्शन का पता लगाने की कोशिश कर रही है। मामले में थाना बहेड़ी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। तीनों ही आरोपी जिला कारागार में निरुद्ध हैं। मुकदमे की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर कैंट संजय धीर ने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

## 10.60 लाख वसूले, 5 लाख रुपये फिर भी बाकी

**बरेली, अमृत विचार:** मॉडल टाउन के पोपिंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने 2021-22 में बिहारीपुर के युवक से पांच लाख रुपये उधार लिए थे। वह अब तक 10.60 लाख रुपये लौटा चुके हैं। इसके बाद भी आरोपी उन पर 5 लाख बकाया बता रहा है।

साथ ही रुपए न देने पर जान से मारने , घर में घुसकर जबरन रुपए ले जाने, साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दे रहा है। पीड़ित ने व्यापारियों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचकर मामले की शिकायत की है। सीओ थर्ड पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

नोट : मुफ्त में ऑपरेशन कराने के लिए घर से आधार कार्ड एवं फोन नं. अवश्य साथ लायें तभी ऑपरेशन किया जायेगा।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012

द्वारा

निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर

- आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से आधार कार्ड साथ लाना न भूलें।

दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।

दिनांक : 29 अप्रैल 2026 दिन बुद्धवार (समय से आना है)

समय : प्रात : 10:00 से 1:00 बजे तक

स्थान

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

सरकारी अस्पताल, शेरगढ़

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. 8534088093

# फल तोड़ रहे बच्चों पर बेल्ट-केबल बरसाई

संवाददाता, बरेली/हाफिजगंज

- शहतूत तोड़ने के पीछे बच्चों को बंधक बनाकर पीटने का आरोप
- दूसरे पक्ष ने भी चोरी और घर में घुसकर धमकाने की दी तहरीर

**अमृत विचार:** पेड़ से शहतूत तोड़ने को लेकर बच्चों को अमानवीय यातनाएं देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने तीन बच्चों को पकड़कर दुकान में बंद कर लिया और उनके नंगे बदन पर बेल्टें, बिजली की केबल बरसाईं। बच्चों के शरीर पर चोटों के निशान दिखाते हुए परिवारों ने पुलिस से शिकायत की है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी बच्चों पर चोरी व घर में घुसकर हंगामा-धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में विवाद की स्थिति बताई गई है।

घटना थाना हाफिजगंज क्षेत्र में मिश्रित आबादी वाले हरहरपुर मटकली गांव की है। बताया गया कि



बच्चों के शरीर पर पिटाई के निशान। ● अमृत विचार

तीन बच्चे साहिल, अयान और जाने आलम एक व्यक्ति के यहां पेड़ से शहतूत तोड़ने चले गए थे। आरोपी ने फल तोड़ रहे बच्चों को पकड़ लिया और शटर गिराकर उनको अंदर बंद कर लिया। बंधक बनाकर तीनों बच्चों की बेल्ट व बिजली के केबल से पिटाई की गई। पिटाई के निशान बच्चों के शरीर पर साफ देखे जा रहे हैं। गांववालों के हस्तक्षेप पर बच्चों को छोड़ा गया। शिकायत पर आरोपी पक्ष ने परिवारों को भी धमकी दी गई। बच्चों के घरवालों की सूचना पर

डायल 112 की टीम गांव पहुंच गई और एक आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी प्रवीण सोलंकी ने बताया कि घायल बच्चों को उपचार के लिए नवाबगंज भेजा गया है। आरोपी को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया है। वहीं, मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया, जब दूसरे पक्ष से भी थाने में तहरीर दे दी गई। रामभरोसे लाल की पत्नी ने आरोप लगाया कि बच्चों ने उनके घर में चोरी की थी। विरोध पर 15 से 20 लोग घर में घुस आए और हंगामा कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस दूसरे पक्ष के आरोपों की जांच कर रही है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने की वजह से गांव में विवाद के हालात बताए गए हैं।

## अधिवक्ता कल्याण कोष सदस्यों ने दिया इस्तीफा

विधि संवाददाता, बरेली

- बार अध्यक्ष ने बताया, अभी नहीं मंजूर किया गया इस्तीफा
- आरोपों से नाराज हैं कल्याण कोष के सदस्य

**अमृत विचार:** नगर अधिवक्ता कल्याण कोष कमेटी ने सोमवार को सामूहिक रूप से बरेली बार एसोसिएशन अध्यक्ष, सचिव को इस्तीफा सौंप दिया। बार अध्यक्ष मनोज कुमार हरित ने बताया कि इस्तीफा अभी मंजूर नहीं किया गया है।

कोष कमेटी ने इस्तीफे में अपने कार्यो को उल्लेखित किया कि वीरेन्द्र प्रसाद ध्यानी के सचिव पद की शपथ 16 अप्रैल 2021 को ग्रहण की गयी थी तब नगर अधिवक्ता कल्याण कोष के बैंक खाते में 15,07,400 रुपये जमा थे। ध्यानी के प्रयासों से 1 अप्रैल 2023 तक कोष की रकम 54,35,182 रुपये हो गयी। कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष मृतक अधिवक्ता परिवारों के लिए 2 लाख रुपये से अधिक सहायता राशि जारी की गयी। चिकित्सा सहायता राशि भी दी गयी। वर्तमान में कोष में 1 करोड़ 8 लाख 18 हजार 50 रुपये हैं। कमेटी ने कहा कि खाते में जमा राशि व एफडीआर सुरक्षित रखी जाये व अधिवक्ता हितार्थ चैम्बर्स आदि के निर्माण में खर्च की जाये। त्यागपत्र में पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत व पारिवारिक कारणों से सेवायें न दे पाने का हवाला दिया मगर सूत्रों के मुताबिक कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों पर कुछ अधिवक्ता निरन्तर आरोप लगा रहे थे जिससे नाराजगी थी। कमेटी में अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह व सचिव आनन्द कुमार रस्तोगी के अलावा चार अन्य सदस्य समेत कुल सात लोग थे।

> नगर अधिवक्ता कल्याण कोष के पदाधिकारियों ने इस्तीफा सौंपा है। इस्तीफे पर निर्णय के लिए कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा। कार्यकारिणी जो फैसला लेगी वही मान्य होगा। - **दीपक पाण्डेय**, सचिव बरेली बार एसोसिएशन

## रेप केस में गड़बड़ी पर दो दरोगा व दीवान सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़िता की शिकायत के बाद जांच में सामने आया सच

**अमृत विचार:** रेप जैसे गंभीर मामले की विवेचना में गड़बड़ी सामने आने पर एसएसपी अनुराग आर्या ने कड़क एक्शन लिया है। थाना सीबीगंज में दर्ज दुष्कर्म के आरोपों के बावजूद उचित धाराएं न लगाने पर दो दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

एसएसपी ने बताया पीड़िता ने शिकायत की थी कि शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया गया। जांच में पाया गया कि तत्कालीन हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने तहरीर में स्पष्ट तथ्यों के बावजूद मुकदमे में दुष्कर्म की आवश्यक धाराएं शामिल नहीं कीं। इसके अलावा विवेचक रत्नेश कुमार और सचिन चौधरी ने भी विवेचना के दौरान सही कार्रवाई नहीं की और आवश्यक कानूनी धाराओं को हटा दिया। पीड़िता के आरोपों की अनदेखी की गई। तीनों पुलिसकर्मियों को कर्तव्यहीनता का दोषी मानते हुए निलंबित किया गया है। कप्तान ने दो टूक कहा कि मुकदमों की विवेचना में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### पीएनबी के एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में ऋण स्वीकृति पत्र दिए

बरेली, अमृत विचार : पंजाब नेशनल बैंक की ओर से जिला उद्योग केंद्र के सभागार में सोमवार को मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उपायुक्त उद्योग विकास यादव, सृष्टिपूर्ति वेलनेस के सीएमडी मनीष शर्मा, बैंक के उप महाप्रबंधक मनीष शर्मा, मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे, उप मंडल प्रमुख अवधेश कुमार तिवारी और सुमित कुमार विश्वकर्मा ने किया। लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही करीब 150 करोड़ रुपये के 150 नए ऋण प्रस्ताव बैंक को प्राप्त हुए।

### सीपीआर से बचाया जा सकता है जीवन

बरेली, अमृत विचार : सिविल डिफेंस ने सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल चहवाई में किया। डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सीपीआर उस स्थिति में दिया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस रुक जाए या वह अचानक बेहोश हो जाए। सही समय पर सीपीआर देने से व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर, प्रधानाचार्या रचना सक्सेना, आईसीओ नीतू द्विवेदी, पोस्ट वार्डन रिजर्व पवन कालरा, डिप्टी पोस्ट वार्डन समी अहमद, सैक्टर वार्डन शंकर लाल शर्मा, विशाल अवस्थी, अमन आदि ने भी सहयोग दिया।

### डायवर्जन मिलते ही शुरू होगी चौपुला पुल की मरम्मत

बरेली, अमृत विचार : चौपुला पुल के खतरनाक झटकों से जल्द निजात मिलने वाली है। एनएचएआई बदायूं के पीडी उत्कर्ष शुक्ला के अनुसार, पुल की मरम्मत के लिए सभी तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रशासन को रूट डायवर्जन के लिए पत्र भेज दिया गया है। उर्स संपन्न होने के बाद अब उम्मीद है कि प्राथमिकता के आधार पर अनुमति मिल जाएगी। 1.46 करोड़ रुपये की लागत से एक्सपेंशन ज्वाइंट्स को ठीक किया जाएगा, जिससे पुल की खस्ताहाली दूर होगी। डायवर्जन लागू होते ही कार्यदायी संस्था धरातल पर काम शुरू कर देगी।

# स्वच्छता को ठेंगा दिखाने वाली सोसायटियों पर होगी कार्रवाई

- कूड़ा न देने से नगर निगम को हर महीने आठ लाख का नुकसान
- कई सरकारी विभाग भी नियमों की कर रहे अनदेखी, भेजे थे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन के मानकों को ठेंगा दिखाने वाली हाउसिंग सोसायटियों और बिल्डर फ्लैट्स के खिलाफ नगर निगम कार्रवाई की तैयारी में है। शहर की 100 से अधिक सोसायटियों में अधिकांश न तो डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग कर रही ळें और न ही अपना यूजर चार्ज जमा कर रही हैं। निगम को हर महीने 5 से 8 लाख की चपत लग रही है।

पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी का कहना है कि जो सोसायटियां रोजाना 100 किलो से अधिक कूड़ा निकालती हैं, उन्हें गीले कचरे का निस्तारण अपने परिसर में ही करना होता है। बार-बार नोटिस के बाद भी ढर्रा न बदलने वाली इन सोसायटियों और नियमों की अनदेखी करने वाले विभागों पर भारी जुर्माना लगाने की तैयारी है।

इधर, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि नगर निगम कचरा निस्तारण पर सालाना 18 करोड़ रुपये तक खर्च कर रहा है, वहीं बड़े प्रतिष्ठान और सोसायटियां जिम्मेदारी से भाग रही हैं। यूजर चार्ज न मिलने से कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसियां भी संकट में हैं। कूड़ा प्रबंधन की गाइडलाइन का पालन न करने वालों पर अब केवल नोटिस नहीं, बल्कि कड़ी कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## नहीं सुधरेंगे हम



ट्रैफिक नियमों के पालन को कितने भी अभियान चलाए जाएं, जिन्हें नहीं मानना वे नहीं मानेंगे। बाइक पर बैठा पूरा परिवार खतरे का कर रहा सफर। फोटो : हरदीप सिंह टोनी

## अर्जित अवकाश के नकदीकरण की मांग

बरेली, अमृत विचार: शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने राज्य सरकार से 300 दिनों तक के अर्जित अवकाश के नकदीकरण की सुविधा की मांग उठाई है।



जिलाध्यक्ष हरी शंकर।

कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं देते हैं। बावजूद उन्हें राज्य कर्मचारियों के समान सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। राज्य सरकार अपने नियमित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय 300 दिनों तक के अर्जित अवकाश का नकदीकरण देती है। सहायता प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित रखा गया है, जो समान कार्य के बावजूद असमानता को दर्शाता है।

# ई-संजीवनी में उड़ान को सराहा अव्यवस्थाओं को लेकर कसा

## ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श देने में बरेली प्रदेश में 5वें स्थान पर पहुंचा

- डीएम ने बैठक में व्यवस्थाओं में और सुधार के अफसरों को दिए निर्देश
- एम्बुलेंस देरी से पहुंचने और कम संस्थागत प्रसव पर मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। गौरवशाली उपलब्धि साझा की गई कि ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श देने में बरेली पूरे उत्तर प्रदेश में 5वें स्थान पर पहुंच गया है, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में अन्य कमियों पर कड़ा रुख भी अपनाया। उन्होंने विशेष रूप से टीकाकरण में पिछड़ रहे क्षेत्रों और जननी सुरक्षा योजना की धीमी फीडिंग पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

डीएम ने कहा कि सरकार गर्भवती महिलाओं की जांच और सप्लीमेंट पर भारी बजट खर्च कर रही है, तो एनीमिया और हाइपरटेंशन जैसी समस्याओं से किसी भी महिला की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। नवाबगंज के कल्याणपुर जैसे क्षेत्रों में एम्बुलेंस पहुंचने में देरी और कम संस्थागत प्रसव पर जवाब-तलब किया।

डीएम ने कहा कि आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनें। यह सुनिश्चित करे कि जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को पैसा मिलते ही सीधे उनके खातों में ट्रांसफर किया जाए। भमौरा और क्यारा जैसे ग्रामीण इलाकों में फॉगिंग की कमी पर सख्त हिदायत दी। साथ ही, आशा और एएनएम के कार्यों की निगरानी के लिए उनका मई माह का फील्ड विजिट प्लान भी तलब किया। बैठक में निर्देश दिए गए कि दलेलनगर और मझगवां जैसे क्षेत्रों में जहां वैक्सीनेशन कम हुआ है, वहां विशेष अभियान चलाकर सुधार किया जाए। बैठक में सीडीओ डॉ. विश्राम सिंह सहित सभी एमओआईसी मौजूद रहे, जिन्हें व्यवस्थाओं में सुधार हेतु समयसीमा के भीतर कार्य करने की चेतावनी दी गई।

## 10 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो सकी जांच

बरेली, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला के परिजनों से रुपये की मांगने के मामले में 10 दिन बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है।

सीबीगंज के खड़ौवा की रहने वाली नेहा ने 9 अप्रैल को आपरेशन से बेटी को जन्म दिया था। परिजनों का आरोप है कि आपरेशन के समय उनसे 3 हजार रुपये लिए गए थे। उसके बाद जब भी पट्टी हुई, स्टाफ ने 100 रुपये मांगे। 16 अप्रैल को टांके काटने के लिए 500 रुपये मांगे। परिजनों ने 200 रुपये होने की बात कही तो महिला कर्मचारी भड़क गई और नोकझोंक होने लगी। एक युवक वीडियो बनाने लगा तो स्टाफ ने धक्कामुक्की कर मोबाइल छीनने की कोशिश की थी। महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने जांच के आदेश दिए थे। लेकिन 10 दिन बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है। सीएमएस ने बताया एक दो कर्मचारी के बयान दर्ज होने से रह गए है।

## इंदिरा नगर में घरों में पहुंच रहा दूषित पेयजल, गुस्सा



मौके पर पार्षद सतीश कातिब मम्मा व काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इंदिरा नगर में केसर स्वीट्स और पुराने टेलीफोन एक्सचेंज के पास सीमेंटेड पेयजल लाइन नाले से होकर गुजर रही है, वह पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त है।

पार्षद सतीश कातिब 'मम्मा' ने आरोप लगाया कि सुपरवाइजर शमशाद हुसैन को महीनों पहले अवगत करा दिया था, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। इस लीकेज की वजह से दूषित जलापूर्ति हो रही है। सोमवार सुबह पार्षद ने बताया कि सोमवार को बिजली विभाग से शटडाउन लेकर अवर अभियंता सुमित के नेतृत्व में मरम्मत कार्य शुरू किया। हालांकि, घंटों की मशक्कत के बावजूद तकनीकी बाधाओं के कारण कार्य शाम तक पूरा नहीं हो सका। पार्षद सतीश कातिब ने बताया कि उन्होंने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सिटी डायरी

### अवकाश के दिनों में जनगणना कराने पर जताई आपत्ति



बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए विनीता सिंह को ज्ञापन दिया। पढ़ाई में दिक्कतों को देखते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्रधानाध्यापक को जनगणना-मकानगणना की ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की। साथ ही अवकाश के दिनों में जनगणना के साथ अन्य कार्य लेने पर उपार्जित अवकाश की भी मांग की गई। ज्ञापन में कहा कि विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी रविवार के दिन लगाई जा रही है। जिससे असंतोष की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। बीएसए विनीता सिंह ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया साथ ही कहा कि स्कूल में छात्र नामांकन में वृद्धि, डीबीटी शत प्रतिशत करने, आईसीटी लैब स्मार्ट क्लास समय सारिणी के अनुसार नियमित संचालित हो। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, जिला मंत्री बलबीर सिंह, कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, मनोज गंगवार, विजेन्द्र गुर्जर, सौरभ गंगवार, प्रमोद गंगवार, तपन सिंह मौर्य समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### अनुपम कपूर खत्री महासभा के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



बरेली, अमृत विचार : बरेली खत्री सभा के अध्यक्ष और श्री सिद्धि विनायक ट्रस्ट के चेयरमैन अनुपम कपूर को खत्री महासभा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। रविवार को नई दिल्ली के स्थित बृज मोहन चैरिटेबल ट्रस्ट ऑडिटोरियम में शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। अनुपम कपूर ने संगठन के प्रति निष्ठा जताते हुए समाज के उत्थान, एकता और विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। वह लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं में सक्रिय हैं। खत्री सभा बरेली के पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से समाज को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### स्काउट-गाइड ने रेल यात्रियों को किया जागरूक



बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में रेल सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान के तहत भोजीपुरा जंक्शन पर स्काउट एवं गाइड ने यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के निर्देशन व वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश रैड़तोलिया के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेलवे फाटक बंद होने पर ट्रैक पार न करने, अनाधिकृत स्थानों से रेलवे लाइन न लांघने और यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया। समपार संख्या 228-सी पर भी जनजागरुकता अभियान चलाकर लोगों को अनुशासन और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने, धूम्रपान से परहेज करने और पायदान, छत और बफर पर बैठकर यात्रा न करने की हिदायत दी गई। साथ ही, रेलवे ट्रैक और विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और बच्चों को ट्रैक के पास न खेलने देने की अपील की गई। इस अवसर पर सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी हरिशंकर, स्काउट-गाइड जिला सचिव हरिशंकर सागर सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी और स्काउट-गाइड सदस्य मौजूद रहे।

### सांसद नरेश उत्तम पटेल के आवास पर हमले से आक्रोश



बरेली, अमृत विचार : फतेहपुर से सांसद और समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के कानपुर स्थित आवास पर हमले के विरोध में ''सरदार पटेल स्वाभिमान मंच'' के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन के अध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल ने कहा कि अराजक तत्वों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि महापुरुषों की तस्वीरों और बैनरों को भी फाड़ दिया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद की पत्नी की मौजूदगी में अभद्र व्यवहार किया और घर पर जूते-चप्पल व पत्थर फेंके। उन्होंने कार्रवाई की मांग की। पुरुषोत्तम पटेल, सुरेश गंगवार, बृजेश श्रीवास्तव सविता, हृदेश यादव, मनोहर लाल गंगवार, आदेश गंगवार, करन सागर, हरवेंद्र पटेल सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ट्रेनों में चढ़ने के लिए यात्रियों में होती रही धक्का-मुक्की



जंक्शन पर ट्रेन पहुंचते ही लोग सवार होने के लिए जद्दोजहद करने लगे। अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : होमगार्ड भर्ती परीक्षा समाप्त होने के बाद सोमवार को बरेली जंक्शन पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

परीक्षा केंद्रों से निकलने के बाद बड़ी संख्या में उम्मीदवार एक साथ स्टेशन पहुंच गए, जिससे प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालयों में अव्यवस्था फैल गई। इससे अन्य यात्री भी परेशान हो गए। ट्रेनों में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की जैसे हालात रहे।

जैसे ही कोई ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंचती, अभ्यर्थी कोचों में चढ़ने के लिए टूट पड़ते। कई बार लोगों के बीच कहासुनी भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रेलवे प्रशासन ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीमें मौके पर तैनात की गईं। जवानों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगातार अनाउंसमेंट किए।

## गोशालाओं में लापरवाही पर नपेंगे नोडल अधिकारी, सीडीओ सख्त

- बीमार गोवंश के लिए हर गोशाला में 'सिक वार्ड' बनाने के सीडीओ ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गोशालाओं के सुदृढ़ीकरण और व्यवस्थाओं के लिए एक बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने कहा कि गोवंश संरक्षण और संवर्धन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह आवंटित गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें और मौके की वास्तविक रिपोर्ट तत्काल मुख्यालय को प्रेषित करें।

सीडीओ ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए गोशालाओं में छाया, शुद्ध पेयजल और हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बीमार पशुओं के लिए अनिवार्य रूप से एक अलग 'सिक वार्ड' बनाएं ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके और बीमार गौवंश का उचित उपचार हो सके। नोडल अधिकारियों को स्टॉक रजिस्टर, मृत्यु रजिस्टर और निरीक्षण पंजिका को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। गोशाला संचालकों के मानदेय का भुगतान समय पर हो। कहा कि गौशाला परिसर में जलभराव और गंदगी की समस्या नहीं होनी चाहिए और रात के समय प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कमी पाई गई, तो संबंधित नोडल अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में सीवीओ डा. मनमोहन पांडेय, उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, डीपीआरओ कमल किशोर आदि उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ देवयानी। ● अमृत विचार

## ईपीएफओ के नए नियमों और दावों के निपटान पर की गई चर्चा

- बरेली जोन के आठ जिलों में आयोजित हुआ निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन
- नियोक्ताओं से विशेष खिड़की का लाभ उठाने की अधिकारियों ने अपील की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से सोमवार को बरेली जोन के आठों जिलों में 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम के तहत शिविर लगाए। इस दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को अपने पुराने खातों को चालू कराने, पहचान प्रमाणीकरण अपडेट करने और दावों के शीघ्र निपटान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

बरेली स्थित बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज और शाहजहांपुर की कृभको फर्टिलाइजर सहित मुरादाबाद, पीलीभीत, बदायूं और संभल के विभिन्न प्रमुख संस्थानों में शिविर लगाए गए। बरेली में आयोजित शिविर में सहायक भविष्य निधि आयुक्त संजीव सिंह ने कर्मचारी नामांकन





महिला को पेंशन भुगतान आदेश की प्रति देते सहायक आयुक्त बलदेव सिंह।

अभियान (ईईसी) 2025 पर विशेष जोर दिया। नियोक्ताओं से कहा कि वह विशेष खिड़की का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को भविष्य निधि के दायरे में लाएं। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और नियोक्ताओं को मिलने वाले वित्तीय लाभों के बारे में भी बताया गया। सहायक आयुक्त बलदेव सिंह ने बताया कि नए श्रम कानूनों के आने से नियमों का सरलीकरण होगा और डिजिटल माध्यम से अनुपालन आसान हो जाएगा। मौके पर ही कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान किया गया। अधिकारी बोले-नए नियमों से कागजी कार्यवाही कम होगी और डिजिटल पारदर्शिता बढ़ेगी

## आस्था स्थलों के विकास को 7.91 करोड़ की मंजूरी

- जिले में विकास की 12 परियोजनाएं होंगी धरातल पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के तहत बरेली के विभिन्न आस्था स्थलों के विकास के लिए 791 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि 12 पर्यटन विकास परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी। जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) को सौंपी गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में फसाड लाइटिंग के लिए 1 करोड़ और प्राचीन बड़ा बाग हनुमान मंदिर एवं श्री सीताराम मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 70-70 लाख, आनंद आश्रम मंदिर के लिए 53 लाख रुपये स्वीकृति दी गई। मीरगंज स्थित ठाकुर जी मंदिर के लिए 67 लाख, फरीदपुर के शिवमंदिर पहलऊनाथ के लिए 65 लाख और मगनपुर के प्राचीन शिव मंदिर के लिए 67 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आंवला में महाभारत कालीन द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क के लिए 64 लाख तथा गुलड़िया गौरीशंकर मंदिर के यात्री हाल सुदृढ़ीकरण के लिए 45 लाख रुपये दिए गए हैं। इसके साथ ही बिथरी चैनपुर के शिरोही मंदिर के लिए 69 लाख, अहिछत्र के समेकित विकास के लिए 50 लाख, भोजीपुरा के पूर्णगिरी शिव मंदिर के लिए 71 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार,28 अप्रैल 2026
बरेली महानगर

## सिटी ब्रीफ

### बरेली से गुजरेगी सहरसा-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सहरसा से आनंद विहार टर्मिनल के बीच नई ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन गोरखपुर के रास्ते बरेली होकर चलेगी। रेलवे के अनुसार 05575/05576 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का संचालन सहरसा से 28 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को और आनंद विहार से 30 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को किया जाएगा। इस विशेष ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें जनरल, स्लीपर और एसी थर्ड इकोनॉमी श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं। इससे विभिन्न वर्गों के यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### खंडेलवाल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार:** केसीएमटी में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) की ओर से 29 अप्रैल और 30 अप्रैल को दो दिवसीय अतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कांफ्रेंस का विषय इंडिया 2047 : वैश्विक भागीदारी, आर्थिक विकास और नए भारत का उदय निर्धारित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न शहरों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी प्रतिभाग करके अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में कुल कि 6 सत्र आयोजित किए जाएंगे जिनमें विभिन्न संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### बरेली होकर चलेगी पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार समर स्पेशल

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे ने गर्मी की भीड़ को देखते हुए पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार टर्मिनल के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बरेली होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।। यह ट्रेन बरेली होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

# मेला स्पेशल ट्रेनें अब जंक्शन तक चलेंगी

## ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन-ओरिजिनेशन खत्म, संचालन बहाल होने से यात्रियों को होगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में चल रहे निर्माण कार्य के बीच यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे प्रशासन ने टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेनों को बरेली जंक्शन तक चलाने का निर्णय लिया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा के अनुसार बरेली सिटी स्टेशन यार्ड में स्थित समपार संख्या 248-स्पेशल (श्मशान भूमि) पर एलएचएस निर्माण कार्य के चलते यातायात एवं पावर ब्लॉक लिया गया था। इसके कारण गाड़ी संख्या 05307 टनकपुर-बरेली मेला विशेष को 27, 28 और 30 अप्रैल को इज्जतनगर में ही शॉर्ट टर्मिनेट किया जा रहा था। इसी तरह गाड़ी संख्या 05308 बरेली-टनकपुर मेला विशेष को 28, 29 अप्रैल और 1 मई को इज्जतनगर से ही शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया था। अब रेलवे ने व्यवस्था में बदलाव करते हुए इन दोनों ट्रेनों का संचालन निर्धारित तिथियों पर बरेली जंक्शन से और तक करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से यात्रियों को इज्जतनगर तक सीमित यात्रा की परेशानी से निजात मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। रेलवे के इस कदम को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया अहम निर्णय माना जा रहा है।

### ब्लॉक के चलते पटरी पर रेंगती रहीं ट्रेनें, यात्री करते रहे इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** गाजियाबाद से लखनऊ रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए ट्रैक और सिग्नल से जुड़े काम कराए जा रहे हैं। अप-डाउन लाइन पर पटरी बदलने, इलेक्ट्रिक और सिग्नल ब्लॉक के चलते कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। सोमवार को कई प्रमुख ट्रेनें आधे घंटे से चार घंटे तक देरी से चलीं। 22355 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस करीब तीन घंटे, 12203 गरीबरथ सुपरफास्ट चार घंटे और 13035 कुंभ एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से पहुंची। वहीं 04203 नई दिल्ली स्पेशल एक घंटे और 04214 अयोध्या स्पेशल ढाई घंटे लेट रही। 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस भी करीब 50 मिनट देर हुई। इसके अलावा हिमगिरि, सियालदाह और अवध असम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें भी लगभग आधा-आधा घंटा देरी से चलीं। ट्रेनों की लगातार देरी से यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लंबा इंतजार करना पड़ा, जिससे परेशानी बढ़ गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक अपग्रेड और सिग्नल सुधार के बाद इस रूट पर ट्रेनों की गति में सुधार होगा, जिससे भविष्य में यात्रा और अधिक सुगम व सुरक्षित हो सकेगी। फिलहाल, निर्माण कार्य के चलते यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के 11 फेरे रद

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में यात्रियों को बड़ा झटका देते हुए रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के 11 फेरों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से इस रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है। जिसके कारण यात्री विकल्प तलाशने को मजबूर हैं। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 05009 गोरखपुर-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन 1 मई से 10 जुलाई तक निरस्त रहेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 05010 लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन 2 मई से 11 जुलाई तक नहीं चलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि यह निर्णय परिचालनिक कारणों से लिया गया है। हालांकि, इस दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को वैकल्पिक ट्रेनों या अन्य साधनों का सहारा लेना होगा। गौरतलब है कि गर्मियों में इस रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे में स्पेशल ट्रेन का निरस्त होना यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बन सकता है।

## नई सोच, नए सरोकार

### छात्राओं ने अमृत विचार पढ़कर प्राप्त की देश-विदेश के बारे में जानकारी



द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज

**बरेली:** द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को अमृत विचार की टीम की तरफ से कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अमृत विचार की टीम ने छात्राओं को खबर संपादन से लेकर अखबार प्रकाशित होने की जानकारी दी। छात्राओं ने प्रार्थना सभा में अमृत विचार अखबार पढ़ा और टीम से अखबार से संबंधित कई सवाल पूछे। इस मौके पर प्रवक्ता आशा रानी, डा. नूतन दीक्षित, डा. संध्या राज, मीनू अग्रवाल, डा. जरीन जहीर, रश्मि, अवधेश कुमारी, सुचित्रा, सौरभ कुमार मौजूद रही। वही छात्राओं में दिव्या जौहरी, खुशी मौर्य, रानी, नव्या, ईशिता, आव्या अग्रवाल, प्रियांशी, पावनी खन्ना मौजूद रही।



"अमृत विचार एक अच्छा दैनिक समाचार पत्र है। उनके इस अभियान से बच्चों को जानकारियां मिल रही हैं जो उनके भविष्य को बनाने में सहायक हैं। इसके अलावा छात्राओं को देश-विदेश की खबरों की जानकारी मिल रही है जो उनके लिए उपयोगी साबित होगी।
-डा. रामश्री, प्रधानाचार्य

**अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com**

# सेपक टाकरा में बरेली की बेटियों का शानदार प्रदर्शन



टीम में शामिल छात्राओं का स्वागत। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** तेलंगाना में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी सेपक टाकरा प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम ने सिल्वर मेडल जीता।

टीम में बरेली कैंट स्थित आरएन टैगोर इंटर कॉलेज की तीन छात्राओं अल्फा, आरिफा और अनुष्का का अहम योगदान रहा। उत्तर प्रदेश की टीम का फाइनल मुकाबला मणिपुर से हुआ। रोमांचक मुकाबले में टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। टीम की सफलता में कोच आदित्य कुमार का विशेष योगदान रहा। बरेली छावनी परिषद की सीईओ डॉ. तनु जैन, संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार, मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद, विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना मिश्रा, खेल प्रभारी संदेश राठौर, श्रीधर शुक्ला ने टीम को बधाई दी।

# खंड शिक्षा अधिकारियों को सुधार के लिए सात दिन की मोहलत

**बरेली, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कार्यप्रणाली पर कड़ा असंतोष जताते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सात दिन के भीतर सुधार करने की चेतावनी दी है।

''स्कूल चलो अभियान और नवीन नामांकन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने कक्षावार सूचनाएं तत्काल पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बच्चों के ड्रॉपआउट और दिव्यांग बच्चों के नामांकन की खराब स्थिति पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन और आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा।

# समालोचक मधुरेश की दो पुस्तकों का किया विमोचन



मधुरेश की पुस्तकों का विमोचन करते साहित्यकार। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** समालोचक मधुरेश की दो पुस्तकों कहानी का समकाल और संग-साथ का विमोचन सोमवार को वीर सावरकर नगर में आयोजित समारोह में किया गया। साहित्यकारों ने मधुरेश के आलोचना-कर्म को हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण धरोहर बताया।

मधुरेश ने कहा कि निष्ठा और तैयारी के साथ की गई वस्तुनिष्ठ आलोचना भी एक सृजन है। नवगीतकार रमेश गौतम ने उन्हें समकालीन कथा साहित्य का खरा आलोचक बताया। डॉ. अवनीश यादव ने कहा कि मधुरेश द्वारा स्थापित आलोचना के मानदंड अनुकरणीय हैं। रणजीत पांचाले ने उनके निष्पक्ष मूल्यांकन को अद्वितीय बताया। डॉ. नितिन सेठी, डॉ. लवलेश दत्त, अजीत कुमार सिंह, इंद्रदेव त्रिवेदी, सुरेंद्र बीनू सिन्हा, निर्भय सक्सेना, संयोजक देवेंद्र उपाध्याय व अन्य मौजूद रहे।

# प्रदेश में द्वितीय नंदिनी गुप्ता का सम्मान

**बरेली, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन व जिला माहेश्वरी समाज और अखिल भारतीय वैश्य महासभा की ओर से गंगाचरण अस्पताल सभागार में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली खेड़ा निवासी नंदिनी गुप्ता का सम्मान किया गया। उनके पिता मोहन लाल गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, राजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र रस्तोगी, राजीव बूबना, राजेश जसोरिया, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. मधु गुप्ता और केके माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य हरिओम गुप्ता व शिक्षकों की सराहना की गई।



नंदिनी को सम्मानित करते डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी। • अमृत विचार

# एडीआरएम ने जंक्शन पर देखीं व्यवस्थाएं, परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के एडीआरएम प्रेम शंकर झा ने सोमवार को बरेली जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जंक्शन पर मौजूदा व्यवस्थाओं और प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

एडीआरएम ने बुकिंग खिड़की, पावर केबिन, प्रवेश द्वार और पार्सल हाउस का गहन जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफार्मों पर यात्रियों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी परीक्षण किया। सुरक्षा बंदोबस्त की स्थिति को भी बारीकी से परखा गया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में जंक्शन पर चल रही और भविष्य में प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह और सीएमआई इमरान सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा के पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उधर उनके जाने के दो घंटे बाद सीनियर डीसीएम महेश यादव श्रमजीवी एक्सप्रेस से जक्शन पहुंचे। उनके पहुंचते ही स्टेशन पर एक बार फिर अधिकारियों की दौड़ इधर से उधर शुरु हो गई। हालांकि, आठ बजे वह रवाना हो गए।



वेंडर से जानकारी लेते एडीआरएम।

# उर्स ए मोहम्मदी में हुई कुल शरीफ की रस्म

**बरेली, अमृत विचार:** आस्तना ए आलिया मोहम्मदिया (दरगाह वली मियां) में मौलाना शाह वली मोहम्मद (वली मियां) के चार रोजा उर्स ए मोहम्मदी का सोमवार को कुल शरीफ हो गया। सुबह से ही आस पास के शहर के जायरीन के आने का तांता लगा रहा। कटघर, किला, ठिरिया निजावत खां, हुसैन बाग, जखीरा, जसोली, आदि जगह से चादरें आती रहीं। इलाहाबाद से मोहम्मद शाकिर व सुलेमान फ़ारूकी के साथ काफिला दरगाह पहुंचा और चादरपोशी की। दोपहर में जोहर की नमाज के बाद सज्जादानशीन अल्हाज अनवर मियां मिम्बर पर आए। उसके बाद कार्यक्रम का आगाज कारी गुलाम यासीन ने कलाम उल्ला की तिलावत से किया। मौलाना ततहीर अहमद ने कहा कि सच बोलें ईमानदारी अपनाएं, दूसरों का सम्मान करें नफरत नहीं, मोहब्बत फैलाएं जुल्म नहीं, इंसाफ का साथ दें। शाम 4.50 पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। सय्यद नाज़िर अली (चांद), आरिफ उल्लाह, मुस्तजाब अली, समीर अजीज, मोहसिन खान, आरिफ, उस्मान, मुदस्सर आदि मौजूद रहे।



कुल शरीफ की रस्म में शामिल अकीदतमंद। • अमृत विचार

### हजयात्रियों के जत्थे लखनऊ रवाना



**बरेली, अमृत विचार :** हज यात्रियों के जत्थे जंक्शन और सिटी रेलवे स्टेशन से हज हाऊस लखनऊ रवाना हुए। जंक्शन से गुलाब नगर निवासी गुफरान घोसी अपनी बहन यासमीन के साथ राज्यरानी एक्सप्रेस से रवाना हुए। वहीं बरेली सिटी रेलवे स्टेशन पर त्रिवेणी एक्सप्रेस से मोहल्ला जखीरा के गुलाम रजा अपनी पत्नी नाजिया परवीन और अन्य हजयात्रियों के साथ रवाना हुए। इस मौके पर बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने सदस्यों के साथ उन्हें विदाई दी। समिति की ओर से यात्रियों को हज के अरकान (नियमों) और सफर के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। अहमद उल्लाह वारसी, हाजी साकिब रजा खां, जिया उर रहमान, हाजी फैसल शम्सी, हाजी यासीन कुरैशी, डॉ. कासिमुद्दीन, हाजी अजीम हसन, दानिश खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### श्री बांके बिहारी मंडल ने निकाली नारी आक्रोश रैली



**बरेली, अमृत विचार :** श्री बांके बिहारी मंडल ने नारी आक्रोश रैली निकाली। रैली वीर छत्रपति शिवाजी चौक पुराना शील अस्पताल चौराहा राजेंद्र नगर से वीर छत्रपति शिवाजी चौक राजेंद्र नगर से स्वयंवर बारात घर होते हुए भारत माता मंदिर राजेंद्र नगर में समाप्त हुई। आरंभ सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने किया। पार्षद सतीश चंद्र कातिब, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुलशन आनंद, महानगर महामंत्री राजीव साहनी, पार्षद राजीव गुप्ता, उपसभापति नरेंद्र सिंह, अतुल कपूर, पार्षद शशि सक्सेना, माया सक्सेना, विक्रम शर्मा, आशीष शर्मा, मोहित सक्सेना, सुरेश शर्मा, सीमा, सोनू कुर्मी, आशुतोष गोयल, हिमांशु, चारु, पूनम गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सच्चा साधक वही है, जो प्रभु की कृपा की निरंतर प्रतीक्षा करे



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम के सत्संग भवन में आयोजित श्री भक्तमाल कथा के दूसरे दिन सोमवार को वृंदावन से आए कथावाचक गौरदास महाराज ने भक्तों को भगवान की कृपा की कथा सुनाई। कथा में श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और प्रभु से संबंध जोड़ने का संदेश दिया गया। कथावाचाक गौरदास महाराज ने कहा कि सच्चा साधक वही है, जो प्रभु की कृपा की निरंतर प्रतीक्षा करते हुए यह संकल्प ले कि उसे इसी जन्म में ईश्वर के दर्शन प्राप्त करने हैं। व्यक्ति को प्रभु से किसी न किसी रूप में संबंध अवश्य स्थापित करना चाहिए। चाहे वह दास, सखा, पिता या पुत्र का हो। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एक पतिव्रता पत्नी दूर रहने पर भी अपने पति के प्रति समर्पित रहती है, उसी प्रकार साधक को भी एकनिष्ठ भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य अपने शरीर को प्रतिदिन स्वच्छ करता है, उसी प्रकार मन की शुद्धि भी आवश्यक है। सत्संग, भजन और नाम जप के माध्यम से मन को पवित्र किया जा सकता है। आनंद आश्रम समिति अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नर सिंह मोदी, शशि कांत मोदी, विवेक शरण, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, अनिल गुप्ता, मधु गुप्ता, संगीता गर्ग, मनु एवं गौर परिकर उपस्थित रहे।

### पं. श्यामा चरण विद्या मंदिर में बालसभा में दिया सनातन का संदेश



**बरेली, अमृत विचार :** आलमगीरीगंज स्थित पं. श्यामा चरण विद्या मंदिर में सोमवार को बालसभा में सनातन संस्कृति और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया गया। बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने कहा कि सनातन धर्म सत्य, प्रेम, करुणा और मानवता का जीवंत प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के बढ़ते प्रचलन से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से दूर हो रही है, जिसे जोड़ने के लिए बाल रामायण जैसे प्रयास जरूरी हैं। सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय परिवार को श्रीराम पटका पहनाकर, हनुमान चालीसा और बाल रामायण की प्रतियां भेंट की गईं। कार्यक्रम में हरिशंकर, प्रिया श्रीवास्तव, नीतू शर्मा, बरखा रानी, प्रेरणा सारस्वत आदि मौजूद रहे।

### पद्मावती स्कूल में डेंटल चेकअप कैंप आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीयूट ऑफ डेंटल साइंसेज के सहयोग से डेंटल चेकअप कैंप एवं ओरल हाइजीन पर आधारित एक विशेष स्टोरी टेलिंग सत्र का आयोजन किया गया। लगभग 600 विद्यार्थियों का डेंटल चेकअप किया गया। संचालन डॉ. शिवांगी, डॉ. प्रेरणा एवं डॉ. विधि द्वारा किया गया। बच्चों को दांतों की सही देखभाल, नियमित ब्रश करने एवं स्वस्थ आदतों के महत्व के बारे में समझाया गया। प्राचार्या ममता सक्सेना, उप-प्राचार्या शिवानी सूरी एवं कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# गर्मी कर रही बीमार, मरीज 2200 पार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गर्मी बीमार कर रही है। खासकर बच्चे बुखार और डायरिया की चपेट में हैं। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों का आंकड़ा 2200 के पार रहा। दवा काउंटर से लेकर पर्चा बनवाने और डाक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों की कतारें लगी रहीं।

बदलते मौसम और भीषण गर्मी के बीच बच्चों की सेहत पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ रही। दोपहर तक पंजीकरण का आंकड़ा 2200 को पार कर गया। दोपहर 2 बजे के बाद भी दवा काउंटरों और पैथोलॉजी लैब के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। डॉक्टरों के अनुसार, मरीजों में सबसे अधिक संख्या बुखार और सांस की तकलीफ वाले रोगियों की है। गर्मी और उमस की वजह से वायरल इंफेक्शन और पेट से जुड़ी बीमारियां तेजी से पांव पसार रही हैं। गर्मी में बच्चों को सीधे धूप से बचाएं और उन्हें पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ जैसे ओआरएस और स्वच्छ पानी देते रहें। यदि बच्चे को तेज बुखार या बार-बार उल्टी-दस्त हो रहे हों, तो बिना देरी किए अस्पताल लाएं। दवाओं की कमी न हो, इसके लिए स्टोर प्रभारी को भी निर्देशित कर दिया गया है। फिलहाल, अस्पताल प्रशासन अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने की योजना बना रहा है ताकि किसी भी मरीज को बिना इलाज के न लौटना पड़े। सीमएओ कार्यालय परिसर में विशेष दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर में जिले के दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में दिव्यांग अपने प्रमाण पत्र बनवाने या नवीनीकरण कराने पहुंचे।



दवा काउंटर पर उमड़े मरीज। • अमृत विचार

### बच्चा का वार्ड हुआ फुल, 41 भर्ती

जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड पूरी तरह भर चुका है। वर्तमान समय में 41 बच्चे भर्ती हैं। पिछले चार दिनों से बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है। बच्चा वार्ड में अब एक भी बेड खाली नहीं बचा है। बीमार बच्चों में तेज बुखार, शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। सोमवार को दिव्यांगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# डीपीएस में नॉनवेज छात्रों के लिए अलग होगी व्यवस्था

संवाददाता, सीबीगंज

- **बाहर से नॉनवेज मंगाने पर छात्रों में विवाद, मैस की गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल**
- **पुलिस को आकर संभालनी पड़ी स्थिति, स्कूल प्रशासन बोला-सभी व्यवस्थाएं ठीक**

सीबीगंज क्षेत्र स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के हॉस्टल में रविवार शाम छात्रों के बीच नॉनवेज खाने को लेकर विवाद के बाद हंगामा हो गया। पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा।

हॉस्टल में रहने वाले कुछ छात्रों ने बाहर से नॉनवेज और रोटियां मंगाकर खाई थीं। इसका विरोध नॉनवेज न खाने वाले छात्रों ने किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद मैस में भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए गए। छात्रों द्वारा हॉस्टल में अव्यवस्था और आपत्तिजनक गतिविधियों के आरोप लगाए जाने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जानकारी मिलने पर डायल 112 और सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों को शांत कराया।

इसी दौरान स्टाफ द्वारा छात्रों के बैग की तलाशी ली गई और मोबाइल जांच भी हुई। एक धार्मिक तस्वीर को लेकर भी विवाद की स्थिति बन गई, हालांकि उसे तुरंत संभाल लिया गया। स्कूल प्रशासन का कहना है कि हॉस्टल में सभी व्यवस्थाएं सामान्य हैं और भोजन भी नियमानुसार बनाया जा रहा है। प्रधानाचार्या ऋतु अरोरा ने बताया कि कुछ छात्र बाहर से नॉनवेज मंगाते हैं, जिस पर रोक है। अब नॉनवेज खाने वाले छात्रों के लिए अलग व्यवस्था बनाने पर विचार किया जा रहा है।